**विषय- हिंदी प्रश्नपत्र कोड (002)**

**प्री बोर्ड परीक्षा सेट 2 (2025-26)**

**कक्षा - दसवीं**

**निर्धारित समय:** 3 घंटे
**अधिकतम अंक:** 80

**सामान्य निर्देश :** निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए।

1. प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं – क, ख, ग, घ।
2. इस प्रश्न पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रश्नपत्र में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
4. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

| प्रश्न संख्या | **खंड-क (अपठित)** | अंक (14) |
|---|---|---|
| 1. | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** | **7** |
| | यदि हमारे वृक्ष स्वस्थ हैं तो निश्चित मानिए हम भी स्वस्थ हैं। हमें तो प्राणवायु उन्हीं से मिलती है। हम कार्बन डाई ऑक्साइड छोड़ते हैं या उन्हें देते हैं और वे बदले में ऑक्सीजन देते हैं, जो हमारे जीवन की हर गतिविधि के लिए आवश्यक है। हमारे स्वास्थ्य का हर बिंदु ऑक्सीजन की उपलब्धता से अनुप्राणित है। भले ही यह बात हमें कल्पना लोक की लगती हो लेकिन यह वैज्ञानिक प्रामाणिकता भी रखती है, इसमें रत्ती भर भी संदेह करने की गुंजाइश नहीं है।<br><br>हम यदि अपने आस-पास खड़े वृक्षों की रक्षा का जिम्मा अपने कंधों पर उठा लें तो निश्चित मानिए हमने अपने स्वास्थ्य को लंबे समय तक स्वस्थ रखने की गारंटी प्राप्त कर ली है। वृक्षों की रक्षा में ही हमारे जीवन की सुरक्षा का राज छिपा है। कहा जाता है "एक स्वस्थ मन हजारों सोने के सिंहासनों से कहीं अधिक मूल्यवान होता है क्योंकि स्वस्थ मन ही समाज और स्वस्थ देश की रचना करने में समर्थ है।<br><br>कुत्सित विचारों वाले लोग अपना जीवन तो चला सकते हैं लेकिन समाज और देश को नहीं चला सकते। करोड़ों परिवारों के सुनहरे भविष्य के बारे में वही चिंतन, मनन और सृजन कर सकता है जो व्यर्थ के लालच, लोभ और षड्यंत्रों से मुक्त हो और जिस पर किसी भी प्रकार का कोई अनुचित दबाव न हो।" | |
| (क) | कथन (A) लोभ-लालच से मुक्त व्यक्ति ही जनकल्याण कर सकता है।<br>कारण (R) जनकल्याण के लिए अनुचित दबावों से मुक्त होना आवश्यक है।<br>विकल्प<br>(i) कथन सत्य है किंतु कारण असत्य है।<br>(ii) कथन सत्य है और कारण भी सत्य है।<br>(iii) कथन असत्य है और कारण भी असत्य है।<br>(iv) कथन असत्य है किंतु कारण सत्य है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (ख) | उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए-<br>(i) स्वस्थ वृक्ष<br>(ii) स्वास्थ्य<br>(iii) वृक्षों का महत्त्व<br>(iv) प्राणवायु और वृक्ष। | 1 |
| (ग) | हमारा स्वाथ्य वृक्षों पर क्यों निर्भर है?<br>(i) वे हमें लकड़ी देते हैं।<br>(ii) वे हमें प्राणवायु देते हैं।<br>(iii) वे हमारी अर्थव्यवस्था का आधार हैं।<br>(iv) उपर्युक्त सभी | 1 |
| (घ) | स्वस्थ मन सोने के सिंहासन से अधिक मूल्यवान है ऐसा क्यों कहा गया? | 2 |
| (ङ) | इस गद्यांश से क्या सीख मिलती है? | 2 |
| 2. | **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए** | **7** |
| | वीर जवानो, सुनो तुम्हारे सम्मुख एक सवाल है।<br>जिस धरती को तुमने सींचा<br>अपने खून-पसीनों से<br>हार गई दुश्मन की गोली<br>वज्र सरीखे सीनों से।<br>जब-जब उठीं तुम्हारी बाँहें, होता वश में काल है।<br><br>जिस धरती के लिए सदा<br>तुमने सब कुछ कुर्बान किया<br>शूली पर चढ़-चढ़ हँस-हँस कर<br>कालकूट का पान किया।<br>जब-जब तुमने कदम बढ़ाया, हुई दिशाएँ लाल हैं।<br><br>उस धरती को टुकड़े-टुकड़े<br>करना चाह रहे दुश्मन<br>बड़े गौर से अजब तुम्हारी<br>चुप्पी थाह रहे दुश्मन<br>जाति-पाँति, वर्गों-फिरकों के वह फैलाता जाल है।<br><br>कुछ देशों की लोलुप नजरें<br>लगी तुम्हारी ओर हैं<br>कुछ अपने ही जयचंदों के<br>मन में बैठा चोर है।<br>सावधान कर दो उसको जो पहने कपटी खाल है। | |

| | | |
|---|---|---|
| (क) | अपने ही जयचंद किन्हें कहा गया है?<br>(i) ऐसे लोग जो देश में रहते हुए भी विदेशी इशारों पर देशद्रोह कर रहे हैं।<br>(ii) ऐसे लोग जो देश को जोड़ रहे हैं।<br>(iii) ऐसे लोग जो अपने स्वार्थवश शत्रुओं को भारत में नहीं बुला रहे हैं।<br>(iv) ऐसे लोग जो विदेश में रहकर भारत के विरुद्ध षड्यंत्र कर रहे हैं | 1 |
| (ख) | कथन (A) इस देश को हमारे वीर सैनिकों ने अपने पौरुष से सँवारा और सुरक्षित किया है ।<br>कारण (R) कवि देश के लोगों को केवल विदेशियों से सतर्क रहने को कह रहा है ।<br><br>विकल्प- (i) कथन सत्य किन्तु कारण असत्य।<br>(ii) कथन असत्य किंतु कारण सत्य।<br>(iii) कथन और कारण दोनों सत्य।<br>(iv) कथन और कारण दोनों असत्य। | 1 |
| (ग) | देश के शत्रु क्या करना चाहते हैं?<br>(i) अहिंसा फैलाना<br>(ii) देश पर कब्जा करना<br>(iii) देश को जोड़ना<br>(iv) भेदभाव फैलाना।<br>**कूट**<br>(i) कथन 1 सही है ।<br>(ii) कथन 2 सही है।<br>(iii) कंथन 1 और 2 सही हैं।<br>(iv) कथन 2 और 4 सही हैं। | 1 |
| (घ) | वीर सैनिकों की किन-किन विशेषतों को उकेरा गया है स्पष्ट कीजिए ? | 2 |
| (ङ) | प्रस्तुत कविता में किस-किस उल्लेख किया गया है ? | 2 |
| | **खंड ख (व्यावहारिकव्याकरण) अतिलघु/लघुप्रश्न)** | 16 |
| 3. | निर्देशानुसार **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : | 4X1=4 |
| (क) | जो व्यक्ति परिश्रमी होते हैं वे अच्छे होते हैं।-<br>(सरल वाक्य में बदलिए) | 1 |
| (ख) | सच बोलने वाले व्यक्ति को कोई नहीं डरा सकता। -<br>(मिश्रवाक्य में बदलिए) | 1 |
| (ग) | अपराधी होने के कारण उसे सजा हुई।-<br>(संयुक्त वाक्य में बदलिए) | 1 |
| (घ) | रहीम बोला, मैं कर्नाटक जा रहा हूं।-<br>(रेखांकित अंश उपवाक्य का कौन सा भेद है?) | 1 |
| (ङ) | जिन बालकों ने शोर मचाया था वे पकड़े गए हैं। -<br>(रेखांकित अंश उपवाक्य का कौन सा भेद है?) | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | निर्देशानुसार **'वाच्य'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : | 4X1=4 |
| (क) | क्या सुरेन्द्र ने सिनेमा देखा-<br>(कर्मवाच्य में बदलिए) | 1 |
| (ख) | ...................... में अकर्मक क्रिया का प्रयोग होता है, और क्रिया अक्सर असमर्थता या क्रिया के बारे में बताने वाली होती है. खाली स्थान में उचित वाच्य का नाम लिखिए। | 1 |
| (ग) | चला नहीं जाता।-<br>(वाच्य का भेद लिखिए) | 1 |
| (घ) | छात्रों द्वारा पत्र लिखा जाता है।-<br>(कर्तृवाच्य में बदलिए) | 1 |
| (ङ) | मजदूर ने काम पूरा कर लिया ।<br>(वाच्य का नाम बताओ) | 1 |
| | | |
| 5. | निर्देशानुसार **'पद परिचय'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : | 4X1=4 |
| (क) | <u>उसने पत्र **लिखवाया**</u> | 1 |
| (ख) | <u>**मैं**</u> गाय का दूध पीना पसंद करता हूं। | 1 |
| (ग) | काला घोड़ा <u>**बहुत तेज**</u> भागता है। | 1 |
| (घ) | <u>**माला**</u> पत्र लिखती है। | 1 |
| (ङ) | राधा <u>**सुंदर**</u> बगीचे के सामने बैठी है। | 1 |
| | | |
| 6. | निर्देशानुसार **'अलंकार'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों की रेखांकित काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए : | 4X1=4 |
| (क) | <u>देख लो साकेत नगरी है यही, स्वर्ग से मिलने गगन जा रही है।</u> | 1 |
| (ख) | नील गगन-सा शांत हृदय था सो रहा। | 1 |
| (ग) | उदित उदय गिरी मंच पर, रघुवर बाल पतंग।<br>विगसे संत- सरोज सब, हरषे लोचन भ्रंग।।" | 1 |
| (घ) | फूले कास सकल महि छाई, जनु बरसा ऋतु प्रकट बुढ़ाई। | 1 |
| (ङ) | उषा सुनहरे तीर बरसाती, जय लक्ष्मी-सी उदित हुई। | 1 |
| | | |

| | खण्ड 'ग' (पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक) बहुविकल्पीय/वर्णनात्मकप्रश्न) | 30 |
|---|---|---|
| 7. | निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 5X1=5 |
| | शहनाई के इसी मंगलध्वनि के नायक बिस्मिल्ला खाँ साहब अस्सी बरस से सुर माँग रहे हैं। सच्चे सुर की नेमत। अस्सी बरस की पाँचों वक्त वाली नमाज इसी सुर को पाने की प्रार्थना में खर्च हो जाती है। लाखों सजदे, इसी एक सच्चे सुर की इबादत में खुदा के आगे झुकते हैं। वे नमाज के बाद सजदे में गिड़गिड़ाते हैं- 'मेरे मालिक एक सुर बख्श दे।<br>सुर में वह तासीर पैदा कर कि आँखों से सच्चे मोती की तरह अनगढ़ आँसू निकल आएँ।' उनको यकीन है. कभी खुदा यूँ ही उन पर मेहरबान होगा और अपनी झोली से सुर का फल निकालकर उनकी ओर उछालेगा, फिर कहेगा, ले जा अमीरुद्दीन इसको खा ले और कर ले अपनी मुराद पूरी। अपने ऊहापोहों से बचने के लिए हम स्वयं किसी शरण, किसी गुफ़ा को खोजते हैं जहाँ अपनी दुश्चिताओं, दुर्बलताओं को छोड़ सकें और वहाँ से फिर अपने लिए एक नया तिलिस्म गढ़ सकें। | |
| (क) | कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :<br>कथन (A) : बिस्मिल्ला खाँ साहब देश के लिए इबादत में खुदा के आगे झुकते हैं।<br>कारण (R) : बिस्मिल्ला खाँ साहब को विश्वास था कि अल्लाह उन्हे सच्चा सुर प्रदान करेगा<br>i. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।<br>ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।<br>iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।<br>iv. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। | 1 |
| (ख) | बिस्मिल्ला खाँ पाँचों वक्त वाली नमाज में क्या प्रार्थना करते है ?<br>1-नया तिलिस्म गढ़ सकें<br>2-सुर में वह तासीर<br>3-ऊहापोहों से बचने का<br>4-अपनी झोली मोतियों से भरने की<br>**कूट**<br>(i) कथन 1 सही है ।<br>(ii) कथन 2 सही है।<br>(iii) कंथन 1 और 2 सही हैं।<br>(iv) कथन 2 और 3 सही हैं। | 1 |
| (ग) | बिस्मिल्ला खाँ सच्चा सुर मांगने के लिए करते हैं।<br>1- खुदा की इबादत करते हैं<br>2- सजदे में गिड़गिड़ाते हैं<br>3- तिलिस्म का सहारा लेते है<br>4- खुदा के आगे झुकते हैं।<br>विकल्प –<br>i. कथन 2 और 3 सही हैं।<br>ii. कथन 1 और 2 सही हैं। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | iii. केवल कथन 3 सही है।<br>iv. कथन 1, 2 और 4 सही हैं। | |
| (घ) | प्रस्तुत गदयांश के अनुसार अपने ऊहापोहों से बचने के लिए क्या-क्या आवश्यक हैं -<br>I. खुदा के आगे झुकना<br>II. किसी गुफ़ा में रहना<br>III. दुर्बलताओं को छोड़ना<br>IV. उपर्युक्त सभी | 1 |
| (ङ) | बिस्मिल्ला खाँ साहब को मंगलध्वनि के नायक कहा गया है क्योंकि ?<br>i. वे अस्सी बरस के है<br>ii. पाँचों वक्त वाली नमाज<br>iii. वे शहनाई वादन में अद्वितीय है<br>iv. उपर्युक्त से कोई नहीं | |
| | | |
| 8. | निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : | 3X2=6 |
| (क) | नवाब साहब की असुविधा और संकोच के क्या कारण रहे? 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए। | 2 |
| (ख) | देशभक्ति की भावना भरी होने के कारण लोग चश्मे वाले को क्या कहते थे ?<br>'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । | 2 |
| (ग) | बालगोबिन भगत के मधुर गायन से सम्मोहित होकर लोग हर प्रकार की परेशानी को भूल जाते थे । 'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । | 2 |
| (घ) | मन्नू भंडारी ने अपनी माँ की तुलना धरती से क्यों की है? 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| | | |
| 9. | निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 5X1=5 |
| | तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान<br>मृतक में भी डाल देगी जान<br>धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात...<br>छोड़कर तालाब मेरी झोपड़ी में खिल रहे जलजात<br>परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,<br>पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण<br>छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े शेफालिका के फूल<br>बाँस था कि बबूल ? | |
| (क) | कवि ने बच्चे की मुसकान को दंतुरित क्यों कहा है ?<br>i) क्योंकि बच्चे के मुख में दाँत नहीं है<br>ii) बच्चे के दाँत टेढ़े-मेढ़े है<br>iii) बच्चे का मुख नन्हें-नन्हें नए दाँतों से सुशोभित हो रहे है<br>iv) सभी सही है | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (ख) | **पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण"** से क्या आशय है ?<br>1. बच्चे के स्पर्श से पत्थरों से जल की धारा फूट पड़ती है ।<br>2. पाषाण शब्द बच्चे के दाँतों के प्रयुक्त हुआ है ।<br>3. शिशु के स्पर्श मात्र से ही कठोर-हृदय मनुष्य भी द्रवित हो उठता है ।<br>4. पाषाण के पिघलने का कारण जल हैं।<br>**कूट**<br>(i) कथन 1 सही है ।<br>(ii) कथन 2 और 4 सही है।<br>(iii) कंथन 1 और 3 सही हैं।<br>(iv) कथन 2 और 3 सही हैं। | 1 |
| (ग) | **'पाषाण का समानार्थी नहीं है?**<br>i) शिखर<br>ii) पत्थर<br>iii) पर्वत<br>iv) प्रस्तर | 1 |
| (घ) | **प्रस्तुत काव्य-पंक्तियों में किस भाव की प्रधानता है ?**<br>i) घृणा<br>ii) विस्मय<br>iii) वात्सल्य<br>iv) वैराग्य | 1 |
| (ङ) | **कथन (A)** कवि की झोपड़ी में कमल का फूल खीला था<br>**कारण (R)** कवि ने दंतुरित मुस्कान वाले शिशु को कमल के समान माना है<br>(i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण(R),कथन (A) की सही व्याख्या करता है।<br>(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।<br>(iii)कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।<br>(iv) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है। | 1 |
| 10 | निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : | 3X2=6 |
| (क) | गोपियों ने उद्धव के स्वभाव की तुलना किस-किस से की है? | 2 |
| (ख) | 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' - से क्या संदेश मिलता है? | 2 |
| (ग) | 'गायकों को गायन के दौरान कौन-कौन सी कठिनाइयाँ आती हैं? | 2 |
| (घ) | फसल के उत्पन्न होने में मनुष्य के हाथों की क्या भूमिका है? | 2 |
| | | |
| 11. | पूरक पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए : | 2X4=8 |
| (क) | अपने बच्चों के प्रति माँ का ममत्व उनके प्रत्येक क्रिया-कलाप से झलकता है। भोलानाथ की माँ उसके भरपेट खाना खाने के बाद भी उसे थोड़ा और खिलाने का हठ करती थी। 'माता का अँचल' अध्याय में आए भोजन खिलाने वाले इस प्रसंग का उदाहरण देते हुए अपने विचार स्पष्ट कीजिए। | |

| | | |
|---|---|---|
| (ख) | लोंग स्टॉक पर घूमते चक्र के बारे में पूछा तो यह बताया कि यह चक्र है इसको घुमाने से सारे पाप धुल जाते हैं। इससे भारत की आत्मा एक-सी क्यों दिखी? 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर बताइए। | |
| (ग) | साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में प्रदूषण के कारण स्नोफ़ाल में कमी का ज़िक्र किया गया है। प्रदूषण के और कौन-कौन से दुष्परिणाम सामने आए हैं? लिखिए। | |
| | **खंड-घ (रचनात्मक लेखन)** | 20 |
| 12. | निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-<br>**(क) जल बचाओ, पृथ्वी बचाओ**<br>* जल के बिना जीवन असंभव<br>* जल संरक्षण का महत्व<br>* जल संरक्षण के उपाय<br>**(ख) संघर्ष ही जीवन है**<br>* संघर्ष में शक्ति<br>* असंभव को संभव बनाने वाला गुण<br>* संघर्ष से इतिहास रच पाने का उल्लेख - उदाहरण<br>**ग़) अंतरिक्षमें भारत के बढ़ते कदम**<br>(संकेत बिंदु -अंतरिक्ष में भारत के कदमों का इतिहास, विदेशी सहायता से उपग्रह भेजना, स्वदेशी उपग्रह अंतरिक्ष में भेजना, निष्कर्ष । | 1X6=6 |
| 13. | **क)** सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ते हुए धूम्रपान तथा उसके कारण बढ़ते संभावित रोगों की ओर संकेत करते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को 100 शब्दों में पत्र लिखिए ।<br>अथवा<br>ख) अपनी दाद माँ की चित्र - प्रदर्शनी पर अपनी प्रतिक्रिया लिखते हुए और दादी माँ को बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए । | 1X5=5 |
| 14. | **क)** 'न्यू एज' पब्लिकेशंस नई दिल्ली को शैक्षणिक पुस्तकों के प्रचार प्रसार के लिए विक्रय कर्मियों की आवश्यकता है । आप आवेदन पत्र लिखते हुए स्ववृत लिखिए।<br>**अथवा**<br>ख) आपका एटीएम खो गया है इसकी सूचना देते हुए पंजाब नैशनल बैंक के शाखा प्रबंधक को एक ई-मेल लिखिए। | 1X5=5 |
| 15. | **क)** अपने मोहल्ले में होने वाले रक्तदान शिविर के आयोजन से संबंधित एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए<br>**अथवा**<br>ख) आपके बड़े भाई भारतीय सेना में मेजर है। दीपावली की बधाई देते हुए उन्हें एक शुभकामना संदेश लिखिए । | 1X4=4 |